**52/GA/CC/M-2026-29**

**Booklet Series**

**A**

**Serial No. 1016105**

**Candidate's Roll Number**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

Question Booklet

# HINDI LANGUAGE AND LITERATURE

**Time Allowed : 2 Hours**

**Maximum Marks : 100**

**Read the following instructions carefully before you begin to answer the questions.**

www.bpscpathshala.com

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. This Question Booklet contains 100 questions in all.
2. **All** questions carry equal marks.
3. Attempt **all** questions.
4. An Answer Sheet has been supplied inside the Question Booklet to mark the answers. **You must write your Roll Number and encode it and write other particulars in the space provided in the Answer Sheet, failing which your Answer Sheet will not be evaluated.**
5. **Immediately after commencement of the examination, you should check up your Question Booklet and attached Answer Sheet and ensure that the Question Booklet Series is printed on the top right-hand corner of the Question Booklet and the series encoded in Answer Sheet are same. Also please check that the Question Booklet contains 16 printed pages including two pages (Page Nos. 14 and 15) for Rough Work and no page or question is missing or unprinted or torn or repeated or Question Booklet and Answer Sheet have different series. If you find any defect in this Question Booklet and attached Answer Sheet, get it replaced immediately by a complete Question Booklet with OMR sheet of the same series.**
6. You must write your Roll Number in the space provided on the top of this page. Do not write anything else on the Question Booklet.
7. Questions and their responses are printed in Hindi version in this Question Booklet. Each question comprises of four responses - (A), (B), (C) and (D). You are to select ONLY ONE correct response and mark it in your Answer Sheet. In case you feel that there are more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case choose ONLY ONE response for each question.
8. In the Answer Sheet, there are **four** circles - Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ and Ⓓ against each question. To answer the questions, you are to mark with **Black/Blue ink ballpoint pen ONLY ONE circle** of your choice for each question. Select only one response for each question and mark it in your Answer Sheet. If you mark more than one circle for one question, the answer will be treated as wrong. **Use Black/Blue ink ballpoint pen only to mark the answer in the Answer Sheet. Any erasure or change is not allowed.**
9. You should not remove or tear off any sheet from the Question Booklet. You are not allowed to take this Question Booklet and the Answer Sheet out of the Examination Hall during the examination. **After the examination has concluded, you must hand over your Answer Sheet to the Invigilator.** Thereafter, you are permitted to take away the Question Booklet with you.
10. Failure to comply with any of the above instructions will render you liable to such action or penalty as the Commission may decide at their discretion.
11. Candidates must assure before leaving the Examination Hall that their Answer Sheets will be kept in Self Adhesive LDPE Bag and completely packed/sealed in their presence.



**ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर छपा है।**

1. खड़ीबोली को हिन्दुस्तानी किसने कहा है?

(A) उदयनारायण तिवारी

(B) सुनीति कुमार चटर्जी

(C) रविन्द्रनाथ श्रीवास्तव

(D) भोलानाथ तिवारी

2. 'दोहाकोश' के रचयिता कौन है?

(A) सरहपा

(B) स्वयंभू

(C) लुइपा

(D) गोरखनाथ

3. आ. रामचंद्र शुक्ल ने सूफी काव्य परंपरा का प्रथम ग्रंथ किसे स्वीकार किया?

(A) मधुमालती

(B) पद्मावत

(C) चंदायन

(D) मृगावती

4. "संतन को कहा सीकरी सों काम" यह किस कवि की प्रसिद्ध पंक्ति है?

(A) सूरदास

(B) कुंभनदास

(C) मलूकदास

(D) कबीर

5. 'लाल टीन की छत' किसका प्रसिद्ध उपन्यास है?

(A) निर्मल वर्मा

(B) अज्ञेय

(C) नरेश मेहता

(D) मोहन राकेश

6. "प्रयोगवादी कविता में भावना है, किन्तु हर भावना के आगे एक प्रश्नचिन्ह लगा है। इसी प्रश्नचिन्ह को आप बौद्धिकता कह सकते हैं।" यह किसका प्रसिद्ध कथन है?

(A) अज्ञेय

(B) नरेश मेहता

(C) धर्मवीर भारती

(D) दुष्यंत कुमार

7. रचना और विधा का कौन–सा मेल गलत है?

(A) बकरी – नाटक

(B) क्या भूलूँ क्या याद करूँ – उपन्यास

(C) टूटना – कहानी

(D) युद्ध–यात्रा – रिपोर्ताज

8. "बेद पढ़ैं बिधि, संभु सभीत पुजावन रावनसों नितु आवैं।
दानव देव दयावने दीन दुखी दिन दूरिहि तें सिरू नावैं।।"

उपर्युक्त पंक्तियों की रचना किसने की है?

(A) तुलसीदास

(B) अग्रदास

(C) सूरदास

(D) कुंभनदास

www.bpscpathshala.com

9. "जब वेदना के आधार पर स्वानुभूतिमयी अभिव्यक्ति होने लगी तब हिंदी में उसे 'छायावाद' के नाम से अभिहित किया गया।" छायावाद की यह परिभाषा किसने दी?

(A) महादेवी वर्मा

(B) नंददुलारे वाजपेई

(C) नगेन्द्र

(D) जयशंकर प्रसाद

10. 'नकेनवाद' का नाम जिन तीन कवियों के नाम के प्रथम अक्षरों से बना है, उनमें निम्नलिखित में से कौन–से कवि शामिल नहीं है?

(A) नलिन विलोचन शर्मा

(B) केसरी कुमार

(C) केदारनाथ सिंह

(D) नरेश

11. अपभ्रंश को प्राकृताभास हिंदी किसने कहा?

(A) चंद्रधर शर्मा गुलेरी

(B) रामचंद्र शुक्ल

(C) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(D) जॉर्ज ग्रियर्सन

12. "प्रेम सीधी–सादी गऊ नहीं, खूँखार शेर है, जो अपने शिकार पर किसी की आँख भी नहीं पड़ने देता।" गोदान के किस पात्र का यह कथन है?

(A) होरी

(B) गोबर

(C) मालती

(D) मेहता

13. सर्वप्रथम हिंदी के किस साहित्यकार को साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला?

(A) माखनलाल चतुर्वेदी

(B) आचार्य नरेन्द्र देव

(C) राहुल सांकृत्यायन

(D) रामधारी सिंह 'दिनकर'

14. द्विवेदीयुग को 'जागरण सुधार काल' नाम किस आलोचक ने दिया?

(A) आ. रामचंद्र शुक्ल

(B) डॉ. नगेन्द्र

(C) रामविलास शर्मा

(D) नामवर सिंह

15. "धिक धाये तुम यों अनाहूत,
धो दिया श्रेष्ठ कुल–धर्म धूत,
राम के नहीं, काम के सूत कहलाये!"

उपर्युक्त पंक्तियाँ निराला की किस रचना की है?

(A) अनामिका

(B) राम की शक्ति पूजा

(C) तुलसीदास

(D) सरोज–स्मृति

16. "लोग बुरे को देखते हैं, तभी उन्हें पता लगता है कि क्या अच्छा है? बुरा नहीं, तो क्या पता लगे कि अच्छा क्या है?" 'शेखर: एक जीवनी' में शेखर ने यह कथन किससे कहा?

(A) शशि से

(B) देवनाथ से

(C) शारदा से

(D) पिता से

www.bpscpathshala.com
10116105

17. जुम्मन शेख और अलगू चौधरी प्रेमचंद की किस कहानी के पात्र हैं?

(A) पूस की रात

(B) शतरंज के खिलाड़ी

(C) पंच परमेश्वर

(D) ठाकुर का कुआँ

18. निम्नलिखित में से कौन–सा मानक रूप नहीं है?

(A) सतासी

(B) पंचानवे

(C) तिरपन

(D) चालीस

19. रीतिकालीन काव्यधारा में प्रकृति–चित्रण की सजीवता और ऋतु–वर्णन की दृष्टि से किस कवि को विशेष ख्याति प्राप्त है?

(A) भूषण

(B) मतिराम

(C) पद्माकर

(D) सेनापति

20. 'अंधेर नगरी' नाटक में गुरू का चरित्र किस साहित्यिक प्रतीक के रूप में देखा जा सकता है?

(A) परंपरागत आचार्य का आदर्श रूप

(B) विवेक और दूरदर्शिता का प्रतिनिधि

(C) धार्मिक सत्ता का प्रतीक

(D) राजनीतिक शक्ति का प्रतिनिधि

21. कवि और उसकी काव्य कृति का कौन–सा मेल गलत है?

(A) धर्मवीर भारती – ठण्डा लोहा

(B) केदारनाथ अग्रवाल – फूल नहीं रंग बोलते हैं

(C) मंगलेश डबराल – अबूतर कबूतर

(D) भारतेंदु – प्रेम फुलवारी

22. निम्नलिखित में से किस भाषा की लिपि देवनागरी नहीं है?

(A) संथाली

(B) गुजराती

(C) भोजपुरी

(D) संस्कृत

23. "सच्चा कवि वही है; जिसे लोकहृदय की पहचान हो, जो अनेक विशेषताओं और विचित्रताओं के बीच से, मनुष्य जाति के सामान्य हृदय को अलग करके देख सके। इसी लोकहृदय में हृदय के लीन होने की दशा का नाम रसदशा है।"

यह रामचंद्र शुक्ल के किस निबंध की पंक्तियाँ हैं?

(A) साधारणीकरण और व्यक्ति–वैचित्र्यवाद

(B) कविता क्या है

(C) लोभ और प्रीति

(D) रसात्मक बोध के विविध रूप

24. रीतिकाल को 'अलंकृत काल' नाम किसने दिया?

(A) डॉ. गणपतिचन्द्र गुप्त

(B) डॉ. रामकुमार वर्मा

(C) विश्वनाथ मिश्र

(D) मिश्र बंधु

www.bpscpathshala.com

25. निम्नलिखित में से कौन–सा कथन प्रगतिवादी काव्य–दृष्टि के अनुकूल नहीं है?

(A) साहित्य को समाज परिवर्तन का साधन मानना

(B) श्रमिक और किसान जीवन का चित्रण

(C) केवल आत्मानुभूति और प्रकृति–सौंदर्य पर बल

(D) वर्ग–संघर्ष की चेतना

26. निम्नलिखित में से कौन–सा उपन्यास किन्नर जीवन पर आधारित है?

(A) डार्क हॉर्स

(B) यमदीप

(C) पारिजात

(D) रेत समाधि

27. निम्न में से किस कवि का उपनाम 'यात्री' है?

(A) नागार्जुन

(B) धूमिल

(C) निराला

(D) अज्ञेय

28. "औरों को हँसते देखो मनु, हँसो और सुख पाओ।"

'कामायनी' में यह कथन किसका है?

(A) मनु

(B) लज्जा

(C) इड़ा

(D) श्रद्धा

29. "समझदारी आने पर यौवन चला जाता है। जब तक माला गूँथी जाती है फूल कुम्हला जाते हैं।" – जयशंकर प्रसाद कृत 'चन्द्रगुप्त' नाटक का यह संवाद किस पात्र द्वारा बोला गया है?

(A) दांड्यायन

(B) चाणक्य

(C) सिंहरण

(D) चन्द्रगुप्त

30. 'रासो' शब्द की उत्पत्ति 'रसायण' से किसने मानी है?

(A) पं. हरप्रसाद शास्त्री

(B) रामनारायण दूगड़

(C) रामचंद्र शुक्ल

(D) गार्सां द तासी

31. निम्नलिखित में से कौन–सी भारोपीय परिवार की भाषा नहीं है?

(A) केल्टिक

(B) सियोइन

(C) जर्मनिक

(D) इतालिक

32. "आयो घोष बड़ो व्यापारी।

लादी खेप गुण ज्ञान–जोग की ब्रज में आय उतारी।

फाटक दैकर हाटक माँगत भारै निपट सु धारी ......"

इस पद में 'फाटक' शब्द का अर्थ है –

(A) चिथड़ा

(B) झोंपड़ी में लगाई जाने वाली टट्टी

(C) बड़ा दरवाज़ा

(D) अनाज फटकने से निकला हुआ कदन्न

www.bpscpathshala.com
101610516105

33. "सगुनहि अगुनहि नहिं कछु भेदा" – इस कथ्य को तुलसीदास ने किसके द्वारा कहलवाया?

(A) शिव

(B) काकभुशुण्डि

(C) भारद्वाज

(D) राम

34. निम्नलिखित में से किस पात्र का संबंध 'चंद्रगुप्त' नाटक से नहीं है?

(A) अलका

(B) जयमाला

(C) एलिस

(D) लीला

35. "संसार की कोई लिपि यदि सर्वाधिक पूर्ण है, तो वह एकमात्र देवनागरी है।" यह किसका कथन है?

(A) ब्लूमफील्ड

(B) ए. जे. एलिस

(C) आइजक पिटमैन

(D) विलियम जोन्स

36. निम्नलिखित में से किस कवि ने भक्ति आन्दोलन पर गंभीरता से विचार किया है?

(A) राजेश जोशी

(B) रघुवीर सहाय

(C) ओमप्रकाश वाल्मीकि

(D) मुक्तिबोध

37. प्रयोगवाद को 'बैठे ठाले का धंधा' किस आलोचक ने कहा?

(A) नंददुलारे वाजपेयी

(B) रामविलास शर्मा

(C) शिवदान सिंह चौहान

(D) नामवर सिंह

38. 'हिंदी नयी चाल में ढली, सन 1873 ई. में' – यह किसका कथन है?

(A) किशोरीदास वाजपेयी

(B) भारतेंदु हरिश्चंद्र

(C) देवराज

(D) नगेन्द्र

39. "शुक्ल जी ने न तो भारत के रूढ़िवाद को स्वीकार किया न पश्चिमी व्यक्तिवाद को।"

उपर्युक्त कथन किस लेखक का है?

(A) रामविलास शर्मा

(B) परशुराम चतुर्वेदी

(C) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(D) रामस्वरूप चतुर्वेदी

40. 'अरे यायावर रहेगा याद' किस विधा की रचना है?

(A) कविता

(B) आत्मकथा

(C) यात्रा साहित्य

(D) डायरी

www.bpscpathshala.com
1016105 1016105

41. 'अंधेर नगरी' के आधार पर कहा जा सकता है कि भारतेंदु की साहित्य–संबंधी अवधारणा है –

(A) साहित्य ग्रामीण जनों की शिक्षा के लिए है।

(B) साहित्य की सामाजिक भूमिका होती है।

(C) साहित्य नागर जनों के मनोरंजन हेतु है।

(D) साहित्य बैठे ठालों का विलास है।

42. निम्नलिखित में से प्रथम विश्वयुद्ध की पृष्ठभूमि पर रचित कहानी है –

(A) परिंदे

(B) सिक्का बदल गया

(C) अमृतसर आ गया है

(D) उसने कहता था

43. 'सचेतन कहानी आन्दोलन' के प्रवर्तक कौन थे?

(A) गंगा प्रसाद विमल

(B) नामवर सिंह

(C) महीप सिंह

(D) अज्ञेय

44. हिंदी साहित्यकार के जीवन पर आधारित उपन्यास है –

(A) महासमर

(B) खंजन नयन

(C) जिंदगीनामा

(D) आधा गाँव

45. "हमें प्रयोगवादी कहना उतना ही सार्थक या निरर्थक है जितना हमें कवितावादी कहना।" – उक्त कथन किसका है?

(A) अज्ञेय

(B) मुक्तिबोध

(C) कुँवर नारायण

(D) लक्ष्मीकांत वर्मा

46. निम्नलिखित में से मैथिलीशरण गुप्त की कौन–सी रचना नायिका प्रधान नहीं है?

(A) साकेत

(B) यशोधरा

(C) पंचवटी

(D) विष्णुप्रिया

47. इनमें से कौन–सी कृति प्रतिबंधित रही है?

(A) बंदिनी

(B) झाँसी की रानी

(C) भारत भारती

(D) चिनगारियाँ

48. "दुःख ही जीवन की कथा रही
क्या कहूँ आज जो नहीं कही।"
उपर्युक्त पंक्तियाँ किस कविता से उद्धृत हैं?

(A) तोड़ती पत्थर

(B) सरोज स्मृति

(C) राम की शक्ति पूजा

(D) तुलसीदास

www.bpscpathshala.com
1011610105

49. 'नचिकेता' निम्न में से किस रचना का पात्र है?

(A) चक्रव्यूह

(B) रश्मिरथी

(C) आत्मजयी

(D) अग्निलोक

50. घनानंद के काव्य में निम्नलिखित में से कौन–सी विशेषता नहीं पाई जाती?

(A) संध्या भाषा

(B) उक्ति वैचित्र्य

(C) भाषा की व्यंजकता

(D) भाषा की लाक्षणिकता

51. "कै बिरहिनी कूं मींच दे, कै आपा दिखलाई।

आठ पहर का दाझनाँ, मोपै सह्या न जाइ।।"

इन पंक्तियों में प्रेम की किस स्थिति का वर्णन हुआ है?

(A) प्रिय की निष्ठुरता

(B) प्रेम की सामान्य स्थिति

(C) उपालंभ

(D) विरह की अतिशयता

52. "कबीर के निर्गुण पंथ का आधार भारतीय वेदांत और सूफियों का प्रेम तत्व है।" – यह किसका प्रसिद्ध कथन है?

(A) रामचंद्र शुक्ल

(B) गोविन्द त्रिगुणायत

(C) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(D) राहुल सांकृत्यायन

53. अग्रदास का संबंध किस भक्ति शाखा से है?

(A) ज्ञानमार्गी

(B) राम भक्ति

(C) कृष्ण भक्ति

(D) प्रेममार्गी

54. "मौन भी अभिव्यंजना है

जितना तुम्हारा सच है

उतना ही कहो।"

'मौन' के इस रचनात्मक सन्दर्भ की अभिव्यक्ति अज्ञेय ने अपनी किस काव्य कृति में की है?

(A) हरी घास पर क्षण भर

(B) पहले मैं सन्नाटा बुनता हूँ

(C) आँगन के पार द्वार

(D) इंद्रधनुष रौंदे हुए ये

55. 'परीक्षा गुरू' उपन्यास निम्नलिखित में से किस विषय पर केंद्रित है?

(A) प्रतीक रूप में ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा भारत के आर्थिक शोषण और लूट का यथार्थ

(B) प्रथम स्वाधीनता संग्राम में ब्रिटिश शासन द्वारा भारतीयों में फूट डालने का प्रयास

(C) सामंत वर्ग के पतनोन्मुख चरित्र का वर्णन

(D) स्त्रियों की शिक्षा पर विशेष बल

56. 'पुष्टिमार्ग' का आधार ग्रन्थ कौन–सा है?

(A) रामायण

(B) महाभारत

(C) श्रीमद्भागवत

(D) कठोपनिषद

www.bpscpathshala.com

57. नाटक और उसके लेखक का कौन–सा मेल गलत है?

(A) माधवी – भीष्म साहनी

(B) मिस्टर अभिमन्यु – लक्ष्मीनारायण लाल

(C) फंदी – शंकर शेष

(D) शारदीया – मणि मधुकर

58. बघेली बोली किस अपभ्रंश से विकसित हुई है?

(A) शौरसेनी

(B) अर्द्धमागधी

(C) मागधी मरना

(D) ब्राचड़

59. नागरी लिपि का विकास किस लिपि से हुआ?

(A) ब्राह्मी

(B) खरोष्ठी

(C) हिब्रू

(D) नागलिपि

60. किस क्षेत्र की बोली को 'काशिका' कहा गया है?

(A) बैसवाड़ा

(B) आरा–भोजपुर

(C) बनारस

(D) मगध

61. इनमें से कौन–सी भाषा भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में नहीं है?

(A) संथाली

(B) भोजपुरी

(C) डोगरी

(D) बोडो

62. "संस्कृत का कोई भी शब्द तोड़–मरोड़कर तद्भव नहीं बनाया जा सकता।" – यह कथन किस विद्वान का है?

(A) रामविलास शर्मा

(B) नामवर सिंह

(C) जॉर्ज ग्रियर्सन

(D) सुनीति कुमार चटर्जी

63. निम्नलिखित में से कौन–सा तत्सम शब्द नहीं है?

(A) भ्राता

(B) किसान

(C) अग्नि

(D) आज्ञा

64. 'तारीख' निम्नलिखित में से किस भाषा का मूल शब्द है?

(A) पुर्तगाली

(B) तुर्की

(C) अरबी

(D) संस्कृत

65. मिश्र बंधुओं में कौन नहीं है?

(A) गणेश बिहारी मिश्र

(B) कृष्ण बिहारी मिश्र

(C) शुकदेव बिहारी मिश्र

(D) श्याम बिहारी मिश्र

66. हिंदी साहित्य के आदिकाल का 'अभिनव जयदेव' किसे कहा जाता है?

(A) पुष्पदंत

(B) जगनिक

(C) चंदबरदाई

(D) विद्यापति

www.bpscpathshala.com
1016105101610516

67. निम्नलिखित में से कौन–सा युग्म संगत है?

(A) परमालरासो – दलपत विजय

(B) विजयपालरासो – चंदबरदाई

(C) बीसलदेवरासो – नरपति नाल्ह

(D) खुमाणरासो – जगनिक

68. 'खालिकबारी' किसकी रचना है?

(A) आमिर खुसरो

(B) अकबर

(C) रहीम

(D) खालिक खलक

69. 'ब्राह्मण' पत्रिका के सम्पादक कौन थे?

(A) भारतेंदु

(B) प्रतापनारायण मिश्र

(C) बालकृष्ण भट्ट

(D) महावीरप्रसाद द्विवेदी

70. इनमें से कौन तार सप्तक के कवि नहीं हैं?

(A) रामविलास शर्मा

(B) भारत भूषण अग्रवाल

(C) मुक्तिबोध

(D) शमशेर बहादुर सिंह

71. प्रयोगवाद के प्रवर्तक के अनुसार प्रयोगवादी कवि का मुख्य लक्ष्य क्या था?

(A) काव्य की पूर्व परंपरा का निषेध

(B) नए काव्य उपकरणों का प्रयोग

(C) भावुकता के स्थान पर बौद्धिकता की प्रतिष्ठा

(D) नई राहों का अन्वेषण

72. 'आधे अधूरे' की सावित्री के दुःख का मूल कारण क्या है?

(A) दूसरे पुरूषों की और दौड़ना

(B) पति और बच्चों से अपेक्षित सहयोग न मिलना

(C) स्वयं सावित्री की मानसिकता

(D) अपने अनुरूप पति का न मिलना

73. आधुनिकता के सम्बन्ध में कौन–सा कथन सही नहीं है?

(A) आधुनिकता वैज्ञानिक दृष्टिकोण है।

(B) आधुनिकता परंपरा से जुड़ाव है।

(C) आधुनिकता परंपरा से मुक्ति है।

(D) आधुनिकता कथ्य एवं शिल्प दोनों से सम्बंधित है।

74. वल्लभाचार्य ने निम्नलिखित सिद्धांत का प्रतिपादन किया।

(A) शुद्धाद्वैतवाद

(B) अद्वैतवाद

(C) द्वैतवाद

(D) विशिष्टाद्वैतवाद

75. 'अतीत के चलचित्र' की विधा है –

(A) आत्मकथा

(B) नाटक

(C) रेखाचित्र

(D) जीवनी

76. हिंदी की पहली कहानी लेखिका हैं –

(A) चंद्रमुखी ओझा 'सुधा'

(B) बंग महिला

(C) होमवती देवी

(D) चन्द्रकिरण सौनरेक्सा

www.bpscpathshala.com

77. निम्नलिखित में से कौन–सी बोली पूर्वी हिंदी की नहीं है?

(A) मगही

(B) भोजपुरी

(C) मैथिली

(D) ब्रजभाषा

78. कामायनी में सर्गों की संख्या कितनी है?

(A) ग्यारह

(B) बारह

(C) तेरह

(D) पंद्रह

79. केशव को कठिन काव्य का प्रेत किस आलोचक ने कहा?

(A) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

(B) नंददुलारे वाजपेयी

(C) रामचंद्र शुक्ल

(D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

80. 'जूठन' किस दलित लेखक की आत्मकथा है?

(A) सूरजपाल चौहान

(B) ओमप्रकाश वाल्मीकि

(C) तुलसीराम

(D) मोहनदास नैमिशराय

81. 'आत्मनेपद' के लेखक कौन हैं?

(A) भारतेंदु

(B) निराला

(C) अज्ञेय

(D) धर्मवीर भारती

82. कबीर को वाणी का डिक्टेटर किसने कहा?

(A) पीताम्बर बड़थ्वाल

(B) हरिऔध

(C) श्यामसुंदर दास

(D) हजारी प्रसाद द्विवेदी

83. 'सूरज की अंतिम किरण से सूरज की पहली किरण तक' किसकी रचना है? जया ने अभिलाष से झूठ बोली थी।

(A) सुरेन्द्र वर्मा

(B) कृष्णा सोबती

(C) शिवानी

(D) मोहन राकेश

84. "नाटक के लिए रंगमंच होना चाहिए रंगमंच के लिए नाटक नहीं।" – यह किसका कथन है?

(A) मोहन राकेश

(B) भारतेंदु हरिश्चंद्र

(C) जयशंकर प्रसाद

(D) नेमीचंद जैन

www.bpscpathshala.com

85. "माली आवत देखकर कलियाँ करी पुकार

फूली, फूली चुन लई, काल्ह हमारी बार।"

इसमें कौन–सा अलंकार है?

(A) व्यतिरेक

(B) श्लेष

(C) समासोक्ति

(D) अन्योक्ति

86. कविता की मुक्ति को मनुष्यों की मुक्ति के समकक्ष कहने वाले कवि हैं –

(A) जयशंकर 'प्रसाद'

(B) निराला

(C) धूमिल

(D) महादेवी वर्मा

87. उपन्यास और उसके लेखक का कौन–सा मेल गलत है?

(A) रतिनाथ की चाची – नागार्जुन

(B) आधा गाँव – राही मासूम रज़ा

(C) अलग–अलग वैतरणी – मनोहर श्याम जोशी

(D) पानी के प्राचीर – रामदरश मिश्र

88. निम्नलिखित में से कौन–सा कथन असत्य है?

(A) मराठी भाषा का विकास महाराष्ट्री अपभ्रंश से हुआ है।

(B) पहाड़ी भाषाओं का विकास खस अपभ्रंश से हुआ।

(C) सिंधी भाषा ब्राचड़ अपभ्रंश से विकसित हुई।

(D) बंगला भाषा अर्धमागधी अपभ्रंश से विकसित हुई।

89. राजभाषा आयोग का गठन संविधान की किस धारा के अंतर्गत किया गया?

(A) धारा 343

(B) धारा 351

(C) धारा 344

(D) धारा 350

90. अपभ्रंश और राजस्थानी के योग से बनी भाषा को क्या कहा जाता है?

(A) डिंगल

(B) पिंगल

(C) अवहट्ट

(D) देशभाषा

91. विद्यापति पदावली की रचना किस भाषा में हुई है?

(A) अपभ्रंश

(B) मैथिली

(C) खड़ीबोली

(D) मागधी

92. निम्नलिखित में से किस वाक्य में सार्वनामिक विशेषण है?

(A) थोड़ा दूध लाया हूँ।

(B) किताब के थोड़े पन्ने बाकी हैं।

(C) वह खम्भा गिर जाएगा।

(D) रैली में लाखों लोग पहुंचे।

www.bpscpathshala.com
1010169105101

93. "गरीबों को वस्त्र दो।" इस वाक्य में कौन–सा कारक है?

(A) कर्ता कारक

(B) कर्म कारक

(C) संबंध कारक

(D) सम्प्रदान कारक

94. निबंध और निबंधकार का कौन–सा मेल गलत है?

(A) मैंने सिल पहुंचाई – कुबेरनाथ राय

(B) आचरण की सभ्यता – सरदार पूर्ण सिंह

(C) तुम चंदन हम पानी – विद्यानिवास मिश्र

(D) शिरीष के फूल – हजारी प्रसाद द्विवेदी

95. इनमें से किस लेखक ने शरतचंद्र की जीवनी लिखी है?

(A) अमृत राय

(B) विष्णु प्रभाकर

(C) निर्मल वर्मा

(D) इन्द्रनाथ मदान

96. किस कवि की कुछ रचनाएँ सगुणोपासना से संबंध रखती हैं तो कुछ रचनाएँ निर्गुणोपासना से?

(A) कबीर

(B) चैतन्य महाप्रभु

(C) सूरदास रामधारीसिंह

(D) नामदेव

97. रामधारीसिंह दिनकर को किस कृति पर ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ?

(A) रश्मिरथी

(B) कुरुक्षेत्र

(C) उर्वशी

(D) संस्कृति के चार अध्याय

98. "अमिय हलाहल रस भरे स्याम स्वेत रतनार।" यह पंक्ति किस कवि की है?

(A) रसलीन

(B) मतिराम

(C) बिहारी

(D) पद्माकर

99. इनमें से 'अवधी' किसके अंतर्गत आती है?

(A) बिहारी

(B) पूर्वी हिंदी

(C) पश्चिमी हिंदी

(D) राजस्थानी

100. 'जाटू' किस बोली का उपनाम है?

(A) मालवी

(B) मेवाती

(C) गढ़वाली

(D) बांगरू

www.bpscpathshala.com
1016105 1016105 1016105

52/GA/CC/M-2026-29

पुस्तिका श्रृंखला

**A**

उम्मीदवार का अनुक्रमांक

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

प्रश्न–पुस्तिका

# हिंदी भाषा और साहित्य

समय : 2 घण्टे

पूर्णांक : 100

प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें।

www.bpscpathshala.com

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. इस प्रश्न–पुस्तिका में कुल 100 प्रश्न हैं।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें।
4. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको उत्तर पत्रक प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिया गया है। **अपने उत्तर पत्रक के निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक लिखें एवं कूटबद्ध करें तथा अन्य विवरण अवश्य लिखें अन्यथा आपका उत्तर पत्रक जाँचा नहीं जायेगा।**
5. **परीक्षा आरम्भ होते ही आप अपनी प्रश्न–पुस्तिका एवं संलग्न उत्तर पत्रक की जाँच कर देख लें कि प्रश्न–पुस्तिका के ऊपर दायीं ओर मुद्रित श्रृंखला एवं उत्तर पत्रक पर मुद्रित श्रृंखला समान है। कृपया यह भी जाँच लें कि प्रश्न–पुस्तिका में रफ़ कार्य हेतु दो पृष्ठों (पृष्ठ सं. 14 और 15) सहित पूरे 16 मुद्रित पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न या पृष्ठ बिना छपा हुआ या फटा हुआ या दोबारा आया हुआ या प्रश्न–पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक में मुद्रित श्रृंखला में अन्तर तो नहीं है। प्रश्न–पुस्तिका एवं संलग्न उत्तर पत्रक में किसी प्रकार की त्रुटि पाने पर तत्काल इसके बदले, इसी श्रृंखला की दूसरी सही प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. पत्रक ले लें।**
6. इस पृष्ठ के ऊपर निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें। प्रश्न–पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
7. इस प्रश्न–पुस्तिका में सभी प्रश्न और उनके उत्तर हिन्दी में मुद्रित हैं। प्रत्येक प्रश्न के **चार** उत्तर – (A), (B), (C) और (D) क्रम पर दिये गये हैं। उनमें से आप सबसे सही **केवल एक** उत्तर को चुनें और अपने उत्तर पत्रक पर अंकित करें। यदि आपको ऐसा लगे कि किसी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर सही हैं, तो आप अपने उत्तर पत्रक में उस उत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे । प्रत्येक प्रश्न के लिए **केवल एक** ही उत्तर चुनना है।
8. उत्तर पत्रक में प्रत्येक प्रश्न संख्या के सामने **चार** वृत्त इस प्रकार बने हुए हैं – Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ और Ⓓ। प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको अपनी पसन्द के **केवल एक वृत्त को काली/नीली स्याही के बॉल–पॉइन्ट पेन** से चिह्नित करना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक उत्तर को चुनें और उसे अपने उत्तर पत्रक में चिह्नित करें। आप उत्तर पत्रक में यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक वृत्त में निशान लगाते हैं, तो आपका उत्तर गलत माना जायेगा। **उत्तर पत्रक में उत्तर को चिह्नित करने के लिए केवल काली/नीली स्याही के बॉल पॉइन्ट पेन का ही प्रयोग करें। किसी भी प्रकार का काट–कूट अथवा परिवर्तन मान्य नहीं है।**
9. प्रश्न–पुस्तिका से कोई पन्ना फाड़ना या अलग करना मना है। प्रश्न–पुस्तिका और उत्तर पत्रक को परीक्षा की अवधि में परीक्षा भवन से बाहर कदापि न ले जायें। **परीक्षा के समापन पर उत्तर पत्रक वीक्षक को अवश्य सौंप दें।** उसके बाद आपको अपनी प्रश्न–पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
10. ऊपर के अनुदेशों में से किसी एक का भी पालन नहीं करने पर आप पर आयोग के विवेकानुसार कार्रवाई की जा सकती है अथवा आपको दण्ड दिया जा सकता है।
11. अभ्यर्थी उत्तर पत्रक को अपनी उपस्थिति में Self Adhesive LDPE Bag में पूरी तरह से पैक/सील करवाने के उपरांत ही परीक्षा कक्ष को छोड़ें।

**Note :** English version of the instructions is printed on the First Page of this Booklet.